मुख्य बाजारों को नगर निगम ने किया सैनिटाईज

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगरायुक्त के निर्देश पर माइक्रो प्लान में नगर क्षेत्र के सफाई जोन-1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में खिरनीबाग, सफाई जोन-2 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में बारादरी, सफाई जोन-3 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में भारतद्वाजी, सफाई जोन-4 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में बक्सरिया एवं सफाई जोन-5 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में अहमदपुर रेती में विषेश सफाई अभियान के साथ-साथ सेनेटाइजेशन व एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया। 4052 स्थलों तथा 550 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, 5 मुख्य बाजारो जैसे- बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अड्डा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेषन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।